बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्र संख्या–12/वि0–205/2024 - 893 पटना, दिनांक– 12.6.25

**संवेदक श्री सिकंदर मंडल को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय आदेश संख्या–73 दिनांक–04.05.2024 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–05.06.2025 के सुनवाई के संबंध में।**

## आदेश

05.06.2025

संवेदक श्री सिकंदर मंडल, ग्राम–कल्याणपुर, थाना+पोस्ट–हरपुर, प्रखंड–तारापुर, जिला–मुंगेर एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर सुनवाई में उपस्थित।

प्रस्तुत मामला लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर अंतर्गत संवेदक श्री सिकंदर मंडल (सूचीबद्धता संख्या–715/2017 श्रेणी–4) को एकरारनामा संख्या–F2-02/2023-24 के तहत आवंटित कार्य सम्यक रूप से नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय आदेश संख्या–73 दिनांक–04.05.2024 के द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किये जाने के विरूद्ध संवेदक द्वारा डिबार मुक्त करने हेतु अपील दायर किये जाने से संबंधित है।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर अंतर्गत टेटिया बम्बर प्रखंड अंतर्गत "इंडिया मार्क हैण्डपम्प–II एवं इंडिया मार्क हैण्डपम्प–III" के मरम्मति कार्य हेतु संवेदक को एकरारनामा संख्या–F2-02/2023-24 के तहत कार्य आवंटित किया गया था। परन्तु उक्त कार्य में लापरवाही, निर्धारित मानक के अनुरूप कार्य निष्पादन में चूक तथा विभागीय पदाधिकारियों के निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं करने के लिए संवेदक को डिबार किया गया ।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर अंतर्गत उक्त एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरांत डिबार से मुक्त करने हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर एवं अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, मुंगेर के प्रतिवेदन के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र भागलपुर के पत्रांक–589 दिनांक–04.09.2024 के द्वारा संवेदक को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन एवं क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, भागलपुर प्रक्षेत्र भागलपुर से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक 05.06.2025 को सुनवाई की गई जिसमें संवेदक एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर द्वारा भाग लिया गया।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक द्वारा कृत एकरारनामा में विहित शर्तों के तहत आवंटित कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं करने एवं कतिपय निदेशों के बावजूद भी संपोषण एवं मरम्मति कार्य में अभिरूची नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक द्वारा एकरारनामा एवं निर्धारित मानक के अनुरूप कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत एतद् द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय आदेश संख्या–73 दिनांक–04.05.2024 द्वारा संवेदक श्री सिकंदर मंडल (सूचीबद्धता संख्या–715/2017 श्रेणी 4) को निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से डिबार मुक्त किया जाता है।

ह0/–

(पंकज कुमार)

प्रधान सचिव

ज्ञापांक–12/वि0–205/2024– 893 पटना, दिनांक– 12·6·25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना /भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना /बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

12/06/2025

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–205/2024– 893 पटना, दिनांक– 12·6·25

प्रतिलिपि–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/06/2025

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12/वि0–205/2024 893 पटना, दिनांक– 12·6·25

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मुंगेर/संवेदक, श्री सिकंदर मंडल, ग्राम–कल्याणपुर, थाना।पोस्ट हरपुर, प्रखंड तारापुर, जिला मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/06/2025

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–205/2024 893 पटना, दिनांक 12·6·25

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/06/2025

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)